प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 17.06.2026

मुख्य समाचारः—

- भारतीय रेल ने चांपा—कोरबा तीसरी रेललाइन परियोजना को दी मंजूरी।
- कोरिया जिले में रेत खनन विवाद को लेकर हुए हमले में भाजपा नेता सहित तीन लोगों की मौत।
- बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया प्रदर्शन।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में होंगे सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम।

रेललाइन—मंजूरी

भारतीय रेल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बयालीस किलोमीटर लंबी चांपा—कोरबा तीसरी रेललाइन परियोजना को लगभग सात सौ पचपन करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंजूरी प्रदान की है। इस परियोजना के अंतर्गत चांपा और कोरबा के बीच तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें पहले से स्वीकृत मड़वारानी—सरगबुंदिया खंड को शामिल नहीं किया गया है। यह रेल गलियारा भारतीय रेल के 'मिशन तीन हजार मीटरिक टन' और 'उच्च—घनत्व नेटवर्क कॉरिडोर' के तहत बनेगा, जिसका उद्देश्य माल ढुलाई को सुदृढ़ करना तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चांपा—कोरबा तीसरी रेललाइन परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ के विकास, औद्योगिक प्रगति और देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

रेत खनन—विवाद

कोरिया जिले के नौगई गांव में रेत खनन को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता भरत सिंह गहरवार उर्फ लल्ला सिंह सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता अपने कुछ साथियों के साथ बीती रात सोनहत गए थे। इसी दौरान नौगई गांव में कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को रोककर उसमें तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। इस दौरान भाजपा नेता गाड़ी से निकल नहीं पाए और जलकर उनकी मौत हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से झुलसे तीन व्यक्तियों को अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य व्यक्ति की मौत रायपुर लाते समय हुई है। पुलिस ने इस मामले में नौ लोगो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है, जिनमे से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री—सूरजपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान शिवनंदनपुर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया।

## एनटीए–अपील

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाज़ों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।

गौरतलब है कि इक्कीस जून को निर्धारित नीट/यूजी की पुनर्परीक्षा को देखते हुए सरकार ने बाईस जून तक टेलीग्राम ऐप पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है।

इधर, नीट परीक्षा को लेकर छत्तीसगढ़ में भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आज रायपुर, दुर्ग सहित विभिन्न जिलों में कलेक्टरों ने परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

## कांग्रेस–प्रदर्शन

बिजली की दरों में की गई बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिजली दफ्तर का घेराव किया। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने रायपुर के डगनिया स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर बिजली की दरों में की गई वृद्धि, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल–डीजल तथा रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

जांजगीर में कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और बिजली दफ्तर के मुख्य गेट पर नारेबाजी की। वहीं, बिलासपुर में भी बिजली दफ्तर का घेराव किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आगामी इक्कीस जून को मनाए जाने वाले बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथियों के नाम तय कर दिए गए हैं।

राज्यपाल रमेन डेका राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में सरगुजा जिले में सुबह सात बजे सामूहिक योगाभ्यास होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बिलासपुर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव दुर्ग उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगें। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" रखी गई है।

## राज्यपाल–गजराज बांध

राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर के कमल विहार स्थित गजराज बांध को जलाशय के रूप में विकसित करने की पहल की है। यह बांध लगभग दो सौ तीस एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस संबंध में राज्यपाल ने आज लोकभवन में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे और अतिरिक्त कमिश्नर विनोद पाण्डेय से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि गजराज बांध को पेयजल भंड़ार के रूप में विकसित करने से रायपुर शहर को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल ने महापौर से संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर इस दिशा में कार्य करने को कहा।

## एमओयू

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई और फ्रांस के इंस्टीट्यूट माइन्स–टेलीकॉम नॉर्ड यूरोप के बीच डुअल – जॉइंट डिग्री समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता फ्रांस के नीस शहर में चौदह से सोलह जून के बीच आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम के दौरान हुआ। डुअल/जॉइंट डिग्री समझौते के तहत दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों को एकीकृत शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत और फ्रांस में अध्ययन का अवसर मिलेगा। छात्र आईआईटी भिलाई तथा इंस्टीट्यूट माइन्स–टेलीकॉम नॉर्ड यूरोप दोनों द्वारा मान्यता प्राप्त डिग्रियां अर्जित कर सकेंगे।

## सुंदरराज पी.–एनआईए

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. को राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए में आईजी नियुक्त किया है। सुंदरराज पी. बीते करीब आठ वर्षों से बस्तर में पदस्थ रहे हैं। उन्होंने अनेक नक्सल विरोधी अभियानों का सफल नेतृत्व किया है।

## जशपुर–सीड बॉल

जशपुर जिले में "बीज गोला बनाबो–जशपुर के जंगल ला बढ़ाबो" महाअभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत कल अट्ठारह जून को जिले के भैरव पहाड़, सोगड़ा, नुमान टेकरी सहित विभिन्न चिन्हांकित स्थलों पर एक ही दिन में लगभग दो लाख सीड बॉल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन और वन विभाग ने सभी नागरिकों, प्रबुद्धजनों और युवाओं से इस अभियान में शामिल होने की अपील की है।

## विशेष भेंटवार्ता

आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा उन्नीस शासकीय भर्ती परीक्षाएं पास कर अनोखा रिकॉर्ड बनाने वाली चारु पांडे से लिए गए साक्षात्कार का प्रसारण कल अट्ठारह जून को किया जाएगा। इस विशेष भेंटवार्ता को रात आठ बजकर पंद्रह मिनट से आठ बजकर तीस मिनट तक सुना जा सकता है। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

## मवेशी–जब्ती कार्रवाई

सड़कों पर मवेशी छोड़ने की बढ़ती समस्या को देखते हुए बिलासपुर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने के संकेत दिए हैं। प्रशासन ने कहा है कि सड़क, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर विचरण करते पाए जाने वाले गौवंशीय और भैंसवंशीय पशुओं को स्थायी रूप से जब्त किया जाएगा। जिला प्रशासन ने पशुपालकों, डेयरी संचालकों और किसानों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को घर या निर्धारित स्थान पर ही रखें और सड़कों पर न छोड़ें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा कल अट्ठारह जून को सुबह ग्यारह बजे दुर्ग जिला मुख्यालय स्थित बाल गृह परिसर में महिलाओं के मामलों के निराकरण के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- रायपुर रेलमंडल के उरकुरा–रायपुर डाउन लाइन पर खमतराई स्थित समपार फाटक आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण आज सुबह से लेकर उन्नीस जून की रात दस बजे तक बंद रहेगा।
- जांजगीर–चांपा जिले के बिरकोनी गांव में एक युवक ने अपने दो बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

- नारायणपुर जिले में बीएसएफ की टीम ने विशेष सर्च अभियान के दौरान मसपुर–गुडरापाल के जंगल में माओवादियों द्वारा डम्प किए गए हथियार और गोला–बारूद बरामद किए हैं। इनमें बीजीएल लॉन्चर और रायफल शामिल है।
- जांजगीर में राइस मिल से धान की चोरी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी की पचास बोरी धान जब्त की गई है। आरोपियों ने चंडीपारा की राइस मिल में इस चोरी को अंजाम दिया था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>